# छात्रों की बनाई सोलर लाइट से रोशन होंगे गांव



सरपंचों को सोलर लाइट देते वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति।

अमर उजाला ब्यूरो

**वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों ने बनाई सोलर लाइट**

**कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने 101 सोलर लाइट किट ग्राम सरपंचों को भेंट की**

**बल्लभगढ़।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा बनाई गई सोलर लाइट से गांवों को जगमग किया जाएगा। शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने 101 सोलर लाइट किट ग्राम सरपंचों को भेंट की। मौका था इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विज्ञान प्रसार के सहयोग से 'अक्षय ऊर्जा में उन्नति एवं उद्यमिता विषय पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम एवं कार्यशाला के समापन समारोह का।

कार्यशाला के दौरान लगभग 15 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को सोलर तथा रेडियो किट बनाने की जानकारी भी दी गई। कुलपति ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि शहर को स्मार्ट सिटी का स्वरूप प्रदान करने में विद्यार्थी अपनी अहम भूमिका निभाये तथा अपनी प्रतिभा एवं कौशल का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत अलीपुर सिकारगाह, सहरावक, तिलोरी खादर, राजपुर तथा तेजपुर कलां को गोद लिया हुआ है। कुलपति ने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के अनुरूप विकसित करें ताकि विद्यार्थियों को इससे लाभ मिले। अलीपुर शिकारगाह के उपसरपंच सतीश नागर ने बताया कि गांवों में बिजली की काफी समस्या रहती है और विद्यार्थियों द्वारा भेंट की गई सोलर लाइट्स का फायदा ग्रामीणों को होगा। विभागाध्यक्ष डा. मुनीश वशिष्ठ ने कार्यशाला के विभिन्न सत्रों का व्यौरा प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डा. प्रदीप डिमरी ने किया।

DAINIK JAGRAN (28.08.2016)

# विद्यार्थियों की बनाई सोलर लाइट से जगमग होंगे गांव



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार गांव अलीपुर शिकारगाह के उप सरपंच सतीश नागर को विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सोलर किट भेंट करते हुए। जागरण

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'अक्षय ऊर्जा में उन्नति एवं उद्यमिता' विषय पर आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस दौरान 15 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें 75 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सोलर तथा रेडियो किट बनाने की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई 101 सोलर लाइट किट विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गांवों को भेंट की गई। गांव अलीपुर शिकारगाह के उप सरपंच सतीश नागर ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से सभी गांवों के प्रतिनिधि के रूप में सोलर लाइट्स की किट को ग्रहण किया। वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने गांव अल्लीपुर शिकारगाह, सहरावक, तिलोरी खादर, राजपुर तथा ताजपुर कलां को गोद लिया हुआ है। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि शहर को 'स्मार्ट सिटी' का स्वरूप प्रदान करने में वह अहम भूमिका निभाएं। अपनी प्रतिभा एवं कौशल का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुनीष वशिष्ट ने छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम एवं कार्यशाला के विभिन्न सत्रों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सहायक प्रो. रश्मी चावला ने धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों का आभार जताया।

**DAINIK BHASKAR (27.08.2016)**

# 'स्मार्ट सिटी' बनाने में छात्र अपनी भूमिका निभाएं: प्रो. दिनेश कुमार

## 'अक्षय ऊर्जा में उन्नति एवं उद्यमिता' पर कार्यशाला संपन्न

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए साइंस एवं टेक्नालॉजी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रों से आह्वान किया कि शहर को 'स्मार्ट सिटी' का स्वरूप प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। वे यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विज्ञान प्रसार के सहयोग से 'अक्षय ऊर्जा में उन्नति एवं उद्यमिता' विषय पर आयोजित छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम एवं कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला के दौरान छात्रों को सोलर व रेडियो किट बनाने की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला के दौरान बनाई ऐसी 101 सोलर लाइट किट यूनिवर्सिटी द्वारा गोद लिए गांवों को भेंट की। जिसे गांव अलीपुर शिकारगाह के उपसरपंच सतीश नागर ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से सभी गांवों के प्रतिनिधि के रूप में सोलर लाइट्स की किट को ग्रहण किया। यूनिवर्सिटी द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत अलीपुर शिकारगाह, सहरावक, तिलोरी खादर, राजपुर व तेजपुर कलां गांव को गोद लिया हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा. मुनीष वशिष्ठ ने छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम एवं कार्यशाला के विभिन्न सत्रों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

**NAVBHARAT TIMES (27.08.2016)**

# बांटी किट

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्टूडेंट्स से कहा कि शहर को स्मार्ट सिटी बनाने में अपनी भूमिका निभाएं, अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें। उन्होंने यह बात अक्षय ऊर्जा में उन्नति और उद्यमिता विषय पर वर्कशॉप के समापन समारोह में कही। इस दौरान बनाई गईं 101 सोलर लाइट किट विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों को भेंट की गईं।

अक्षय ऊर्जा में उन्नति एवं उद्यमिता विषय पर शुक्रवार को वाईएमसीए विवि में कार्यशाला के दौरान कुलपति ने घोषणा की

# स्मार्ट सिटी को सस्ती अक्षय रोशनी से जगमग करेंगे छात्र

फरीदाबाद | आलोक कुमार

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र भी फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। विश्वविद्यालय के छात्र स्मार्ट सिटी को अक्षय रोशनी (सोलर लाइट) से जगमग करने की दिशा में आगे बढ़ गए हैं। स्मार्ट सिटी में भागीदारी के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने छात्रों का आह्वान किया है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संस्था विज्ञान प्रसार के सहयोग से विश्वविद्यालय में अक्षय ऊर्जा में उन्नति एवं उद्यमिता विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला में छात्रों ने अपनी प्रतिभा से अक्षय रोशनी के उत्पाद तैयार किए हैं और ये बाजार से काफी कम कीमत पर तैयार किए गए हैं। हालांकि अक्षय रोशनी उत्पाद के लिए कलपुर्जे विज्ञान प्रसार ने मुहैया कराए थे, इसलिए विश्वविद्यालय इसकी सही-सही कीमत तो नहीं लगा सका, लेकिन विभाग की प्रमुख ने इन्हें बाजार से सस्ते होने का दावा किया है। कार्यशाला में अभी जो छात्रों ने अक्षय रोशनी उत्पाद तैयार किए हैं, उन्हें विश्वविद्यालय अपने गोद लिए गांव में निःशुल्क भेंट करेगा। विश्वविद्यालय पहले चरण में अपने गोद लिए गांव अलीपुर शिकारगाह, भतौला, सिलौटी खादर, राजपुर व [illegible] कलां का अंधेरा दूर करेगा। कार्यशाला में तैयार किए गए करीब सौ अक्षय रोशनी अपने गोद लिए गए गांव अलीपुर शिकारगाह को दी गई हैं। कार्यशाला में करीब पंद्रह तकनीकी सत्र में करीब 75 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में छात्रों को सौर रेडियो प्रकाश के उत्पाद बनाने की जानकारी दी गई।



वाईएमसीए में शुक्रवार को अक्षय ऊर्जा पर कार्यशाला आयोजित की गई। • हिन्दुस्तान

## मेट्रो स्टेशन हो रहे रौशन

मेट्रो ने फरीदाबाद में सभी नौ स्टेशनों पर सोलर पैनल लगाकर अक्षय रोशनी से जगमग किया है। बदरपुर बॉर्डर-वाईएमसीए मेट्रो लाइन पर सभी स्टेशन अक्षय ऊर्जा से संचालित हैं। मेट्रो स्टेशनों की छतों पर करीब [illegible] किलोवाट ऊर्जा का उत्पादन होता है।

हमने छात्रों के अनुसंधान को आम लोगों से जोड़ने का प्रयास किया है। हम केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से कुछ अलग कर सकेंगे।

-डॉ. दिनेश कुमार, कुलपति